# इरेडा ने मुंबई में शाखा कार्यालय की शुरुआत की



भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा ) ने अपने ग्राहकों, उधारकर्ताओं और अन्य हितधारकों की सुविधा के लिए मुंबई में, देश में अपना तीसरा शाखा कार्यालय खोला है। इरेडा, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन भारत सरकार का एक मिनी रत्न (श्रेणी- ।) प्रतिष्ठान है, जिसके चेन्नई और हैदराबाद में पहले से ही दो शाखा कार्यालय हैं।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री प्रदीप कुमार दास ने निदेशक (तकनीकी) श्री चिंतन शाह, उधारकर्ताओं और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में 26 सितंबर 2020 को अंधेरी, मुंबई में कंपनी के नए कार्यालय की शुरुआत की। इस अवसर पर बोलते हुए, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कहा कि, "मुंबई शाखा कार्यालय, व्यवसाय के विस्तार के लिए कंपनी के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कार्यालय इस क्षेत्र में कंपनी के उधारकर्ताओं और हितधारकों को आसान पहुंच और सेवाएं प्रदान करेगा। "

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कहा, "मुंबई वित्तीय राजधानी होने के नाते और इसके समीप इरेडा के व्यापार के एक बड़े संकेन्द्रण के साथ, शाखा कार्यालय को खोले जाने की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी। कोविड-19 महामारी के समय में, यह कदम सभी संबंधितों के लिए विशेष रूप से उपयोगी होगा।" श्री दास ने कहा कि कंपनी कारोबार की संभावना के अनुसार देश के अन्य हिस्सों में शाखा कार्यालयों को खोलने पर विचार करेगी। उन्होंने रेखांकित किया कि विकेंद्रीकरण के लिए कंपनी का वर्तमान अभियान व्यवसाय करने में आसानी के लिए अपनी प्रतिबद्धता, सरकार द्वारा निर्धारित एजेंडा का एक हिस्सा है।

## इरेडा के बारे में

इरेडा 1987 में एक गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान के रूप में स्थापित एक पब्लिक लिमिटेड सरकारी कंपनी है, जो ऊर्जा के नवीन और नवीकरणीय स्रोतों से संबंधित परियोजनाओं की स्थापना के लिए और ऊर्जा दक्षता / संरक्षण को बढ़ावा देने, विकसित करने और वित्तीय सहायता देने के लिए कार्यरत है जिसका आदर्श वाक्य है : **"शाश्वत ऊर्जा"**। इरेडा के कॉर्पोरेट और पंजीकृत कार्यालय नई दिल्ली में स्थित हैं।